# वार्षिक प्रतिवेदन

## 2020-21

# वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय देहरी

## जिला कांगड़ा ( हि. प्र.)

# वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2020-21

## 1. महाविद्यालय परिचय

सन् 1971 ई. में नूरपुर रियासत के प्रतापी वंशज देशभक्त एवं स्वतंत्रता सेनानी वजीर राम सिंह पठानिया की स्मृति में वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय देहरी का निर्माण हुआ। स्थानीय विधायक कामरेड रामचंद्र व प्रशासनिक अधिकारी स्वर्गीय श्री ज्ञान सिंह पठानिया के अथक प्रयासों ने शिक्षा रूपी ज्योति इस इलाके की देहरी पर प्रज्वलित की। स्थानीय निवासियों के आर्थिक सहयोग व खेहर पंचायत के अविस्मरणीय सहयोग (200 कनाल भूमि का दान) ने महाविद्यालय निर्मिति के स्वप्न को एक आधार भूमि प्रदान की तथा सन् 1971 में बाथू मंदिर के महंत श्री पुरूषोत्तम दास जी द्वारा महाविद्यालय भवन निर्माण की आधारशिला रखी गई।

आरंभ में महाविद्यालय में कला संकाय के विषयों की शिक्षण व्यवस्था उपलब्ध थी। सन् 1981 ई0 में यहां वाणिज्य विषय की शिक्षा आरंभ हुई, तत्पश्चात अप्रैल 1984 में स्थानीय जनता, विद्यार्थियों, स्थानीय व क्षेत्रीय नेताओं के अथक प्रयासों के फलस्वरूप महाविद्यालय का सरकारीकरण आरंभ हुआ। तब से आज तक न केवल महाविद्यालय के विद्यार्थियों की संख्या में इजाफा हुआ है, अपितु यह महाविद्यालय उत्तरोत्तर प्रगति करता आया है। यह महाविद्यालय न केवल फतेहपुर, ज्वाली, नूरपुर, इंदौरा एवं गुलेर इन पांच चुनाव क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए बल्कि पंजाब प्रांत के पठानकोट के विद्यार्थियों को अल्प खर्च में शिक्षा उपलब्ध करवाने में वरदान सिद्ध हुआ। महाविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर पर भी शिक्षा उपलब्ध है। सरकार एवं स्थानीय राज नेताओं के समक्ष की गई मांग एवं महाविद्यालयी स्टाफ के प्रयासों के फलस्वरूप, महाविद्यालय में सन् 2012 में गणित विषय में स्नातकोत्तर की कक्षाएं आरंभ हुई। विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय में परीक्षा केंद्र भी उपलब्ध कवाया गया है। हिमाचल प्रदेश सरकार की नई रूसा नीति के तहत महाविद्यालय में सी. बी. सी. एस. (च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम) परीक्षा प्रणाली को स्नातक स्तर पर शामिल किया गया है। महाविद्यालय में छात्राओं की अधिकाधिक संख्या को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि महाविद्यालय स्त्री - शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र है

वर्तमान में महाविद्यालय की तुलना यदि हम नए उभरते हुए शिक्षण संस्थानों से करें तो यह महाविद्यालय अभी आधारभूत ढांचागत सुवधिाओं से वंचित है। बावजूद इसके महाविद्यालय अपने लक्ष्य से कभी पीछे नहीं हटा। क्योंकि प्रगति ही जीवन की वास्तविक पहचान है। इसी के क्रमिक विकास द्वारा गुणात्मक परिवर्तन का बोध होता है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक व्यक्ति ही नहीं पूरे संस्थान का दायित्व बन जाता है कि वह अपने क्रमिक विकास के एक सुनिश्चित मोड पर अपना मूल्यांकन करे। इस तटस्थ मूल्यांकन से जहां प्रगति की पहचान होती है, वहीं भविष्य की बेहतर संभावनाएं भी दृष्टिगोचर होती हैं, जिन पर सुनियोजित ढंग से आगे बढ़ा जा सकता है।

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि आज दिनांक 06 अप्रैल 2019 को शैक्षणिक संस्थान के रूप में 47 वर्ष स्थापित राजकीय महाविद्यालय देहरी के सत्र 2018-19 की उपलब्धियों और संभावनाओं को वार्षिक प्रतिवेदन के रूप आज गणमान्य लोगों के बीच में रखने का सुअवसर प्राप्त हुआ है।

महोदय, मैं आपके समक्ष महाविद्यालय में आयोजित सत्र 2018-19 की विभिन्न वार्षिक गतिविधियों एवं उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत करता हूं:-

2. - अध्यापक वर्ग - शिक्षक वर्ग

**क) महाविद्यालय से स्थानांतरित:-**

इस सत्र में महाविद्यालय परिवार से अन्य महाविद्यालयों में स्थानांतरित हुए सदस्यों की सूची इस प्रकार से है-

क. प्रो. कमलेश ( रसायन विज्ञान ) राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट हेतु
ख. सहायक आचार्य डा. अमृत लाल संगीत ( वादन ) राजकीय महाविद्यालय नादौन हेतु
ग. सहायक आचार्य नीरज कौशल ( अर्थशास्त्र ) राजकीय महाविद्यलय सुग भटोली हेतु
घ. सहायक आचार्य निशांत नारंग ( वाणिज्य ) राजकीय महाविद्यालय जवाली हेतु
ङ. सहायक आचार्य सिद्धार्थ ( रसायन विज्ञान ) राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी हेतु
च. सहायक आचार्य रजनी ( वाणिज्य ) राजकीय महाविद्यालय इंदौरा हेतु

**ख) महाविद्यालय में स्थानांतरित**

क. सहायक आचार्य रीना कुमारी ( अंग्रेजी विभाग ) राजकीय महाविद्यालय नूरपुर
ख. सहायक आचार्य शिवाल (अर्थशास्त्र ) राजकीय महाविद्यालय लील कोठी चंबा से
ग. सहायक आचार्य विजेंद्र भूषण ( जीव विज्ञान ) राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ से
घ. सहायक आचार्य इन्द्रजीत ( वाणिज्य विभाग ) राजकीय महाविद्यालय इंदौरा से
ङ. सहायक आचार्य शशि कुमार ( वाणिज्य विभाग ) राजकीय महाविद्यालय जवाली से

**ग) नवनियुक्त प्राध्यापक**

क. सहायक आचार्य डॉ नीलम कुमारी ( राजनीतिक विज्ञान )

**घ) महाविद्यालय में स्थानांतरित गैर शिक्षक कर्मचारी**

क. श्रीमती शिशना कुमारी सहायक पुस्तकालय अधीक्षक जीएसएसएस जवाली से
ख. श्री मदन लाल ( चौकीदार )
ग. श्रीमती सविता कुमारी (चपरासी )

**ङ) महाविद्यालय से सेवानिवृत**

क. प्रो. गुलशन राय ( रसायन शास्त्र विभाग )
ख. प्रो. कुलदीप राज ( अंग्रेजी विभाग )
ग. श्रीमती उषा ( चपरासी )

**3. विद्यार्थी संख्या विवरण:**

महाविद्यालय में सत्र 2020-21 में कुल 2982 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिनमें छात्र व छात्राओं की संख्या का विवरण इस प्रकार से हैं:-

| कक्षा | छात्र | छात्राएं | कुल विद्यार्थी |
|---|---|---|---|
| **प्रथम वर्ष** | | | |
| बीए | 92 | 199 | 291 |
| बीएससी | 178 | 245 | 423 |
| बीकॉम | 18 | 59 | 77 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **द्वितीय वर्ष** | | | |
| बीए | 145 | 265 | 410 |
| बीएससी | 153 | 231 | 384 |
| बीकॉम | 51 | 68 | 119 |
| **तृतीय वर्ष** | | | |
| बीए | 32 | 108 | 140 |
| बीएससी | 41 | 114 | 155 |
| बीकॉम | 17 | 20 | 37 |
| **एमए प्रथम सत्र स्नातकोत्तर** | | | |
| अर्थशास्त्र | 01 | 07 | 08 |
| गणित | 03 | 38 | 41 |
| **तृतीय सत्र स्नातकोत्तर** | | | |
| अर्थशास्त्र | 02 | 14 | 16 |
| गणित | 02 | 36 | 38 |

**कुल विद्यार्थी = 2099**

**4. छात्रवृतियां:-**

**शिक्षा** निदेशालय द्वारा निर्धारित विद्यार्थियों को प्राप्त होने वाली वार्षिक छात्रवृतियों के लिए सत्र 2020-21 के मांगपत्र का विवरण इस प्रकार से है:-

| छात्रवृति योजना का नाम | नए | रिन्यूअल |
|---|---|---|
| 1. पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति (एससी) छात्रवृति योजना (हिप्र) | 09 | 02 |
| 2. केंद्रीय पोस्ट मैट्रिक, अन्य पिछडा वर्ग छात्रवृति (हिप्र.) | 09 | 02 |
| 3. केंद्रीय पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति वर्ग छात्रवृति | 01 | 02 |
| 4. केंद्रीय अनुभाग छात्रवृति योजना महाविद्यालय व विवि विद्यार्थियों के लिए | 31 | 00 |
| 5. आर्थिक रूप से कमजोर अनुभाग के लिए डॉ आंबेडकर छात्रवृति योजना | 04 | 00 |
| 6. आईआरडीपी छात्रवृति योजना | 14 | 08 |
| 7. कल्पना चावला छात्रवृति योजना | 14 | 08 |
| 8. इंदिरा गांधी उत्कृष्ठ छात्रवृति योजना (हिप्र) | 00 | 01 |
| **कुल** | **81** | **16** |

**5.** सत्रीय परीक्षा परिणाम

| कक्षा | कुल | उत्तीर्ण | अनुत्तीर्ण | परिणाम प्रतिशत महाविद्यालय |
|---|---|---|---|---|
| बीए प्रथम वर्ष<br>बीए द्वितीय वर्ष<br>बीए तृतीय वर्ष | 381 | 229 | 152 | 100 %<br>100 %<br>60 % |
| बीकॉम प्रथम वर्ष<br>बीकॉम द्वितीय वर्ष<br>बीकॉम तृतीय वर्ष | 116 | 106 | 10 | 100 %<br>100 %<br>91.37 % |
| बीएससी प्रथम वर्ष<br>बीएससी द्वितीय वर्ष<br>बीएससी तृतीय वर्ष | 243 | 157 | 86 | 100 %<br>100 %<br>64.6 % |

6. **शैक्षणिक भ्रमण:-**

कोरोना के चलते कोई भी शैक्षणिक भ्रमण इस सत्र मे नहीं हुआ।

7. **क्रीडा क्षेत्र :-**

डॉ **अश्वनी** अवस्थी के मार्गदर्शन में सत्र 2020 – 21 की महाविद्यालयी क्रीडा क्षेत्र संबंधी गतिविधियां इस प्रकार रहीं:-

**1.** बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा पायल ने नालागढ में आयोजित भारोतोलन प्रतिस्पर्धा में 55 किग्रा भार के अंतर्गत कांस्य पदक हासिल किया। यह प्रतियोगिता 27 फरवरी 2021 को आयोजित की गई।

8. **सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां:**

कोरोना महामारी के कारण महाविद्यालय द्वारा किसी भी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया गया।

**अन्य गतिविधियां :**

(i) - दिनांक 13 सितंबर 2020 को हिन्दी विभाग द्वारा लोक साहित्य संकलन संरक्षण व संवर्धन विषय पर आनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित प्रो. जय कौशल अध्यक्ष हिन्दी विभाग असम विश्वविद्यालय ने लोक साहित्य के संरक्षण के लिए एक विशिष्ट विभाग की मांग रखी तथा मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित डॉ अशीथ कुमार मिश्रा ने लोक साहित्य के संकलन व संरक्षण के लिए व्यावहारिकता को महत्वपूर्ण बिन्दु बताया।

(ii) - दिनांक 14 सितंबर व 15 सितंबर 2020 हिन्दी विभाग द्वारा ई हिन्दी भाषा एवं साहित्य प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न राज्यों के 471 प्रतिभागियों ने भाग लिया। 50 **प्रतिशत** से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को ई प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

9. प्राध्यापक वर्ग की उपलब्धियां:

1. ( i) **डॉ अश्वनी अवस्थी ( शारीरिक** शिक्षा **विभाग )** ने राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर स्पोर्टस फार आल विषय पर राजकीय महाविद्यालय दौलतपुर चौक द्वारा आयोजित (29 अगस्त 2020 से 31 अगस्त 2020 ) ब्रेवीनार में भाग लिया ।

(ii) डॉ अश्वनी अवस्थी (**शारीरिक** शिक्षा विभाग) ने राजकीय महाविद्यालय चम्बा द्वारा 30 सितंबर 2020 को आयोजित राष्ट्रीय बेवीनार, जिसका विषय नेक रिलेटेड इन्हांसमेंट एंड अवेयरनेस था, में भाग लिया ।

(iii) डॉ अश्वनी अवस्थी ने नेशनल डोप टेस्टिंग एंड लेबोरेटरी फिजिकल फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पेफी) आयोजित एक दिवसीय बेवीनार जिसका विषय एंटी डोपिंग साइंस चैलेंज एंड फ्यूचर परसपेक्टिव में भाग लिया ।

**2.** (i) **सहायक आचार्य, सिद्वार्थ (भौतिक विज्ञान)** ने दिनांक 2 अप्रैल 2020 से 10 जून तक सेंटर फॉर कंटीन्यूइंग एजुकेशन, आईआईटी कानपुर द्वारा आयोजित 'लर्निंग फिजिक्स थ्रू सिंपल एक्सपेरिमेंटस' विषय पर आयोजित कोर्स में भाग लिया ।
(ii) **सहायक आचार्य सिद्वार्थ (भौतिक विज्ञान)** ने दिनांक 23 मार्च 2020 से 30 जून 2020 तक राजकीय महाविद्यालय ऊना द्वारा 'द एजेस आफ द स्पोकन टयूटोरियल प्रोजेक्ट, आईआईटी बॉम्बे के अंतर्गत आयोजित संकाय संवर्धन कार्यक्रम में भाग लिया ।

3. **सहायक आचार्य कामाक्षी लाम्बा (रसायन विभाग)** ने दिनांक 09-11-2020 से 11-11-2020 तक यूजीसी एचआरडीसी शिमला द्वारा आयोजित जेंडर सेंसटाइजेशन पर आयोजित लघु अवधि कार्यक्रम में भाग लिया ।

4. (i) **डॉ राकेश कुमार, सह आचार्य (वनस्पति विभाग)** ने IQAC कमला नेहरू महाविद्यालय नागपुर - 24 , मॉडर्न कॉलेज ऑफ आर्ट्स, साइंस एंड कॉमर्स, **शिवाजी** नगर, पुणे - 5 और रूसा, महाराष्ट्र द्वारा आयोजित ई कंटेंट डेवल्पमेंट एंड डिलवरी, रिसर्च मैथोडोलॉजी एंड ऑटोनॉमी पर एक सप्ताह के ऑनलाइन संकाय विकास कार्यक्रम में 27 जुलाई 2020 से 1 अगस्त 2020 तक भाग लिया ।

(ii) मानव संसाधन विकास केंद्र (HRDC) हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, समरहिल, शिमला द्वारा आयोजित "ई कंटेंट डेवल्पमेंट एंड ऑनलाइन पेडागोजी" पर एक सप्ताह की ऑनलाइन कार्यशाला में 25 से 30 जनवरी 2021 तक तक भाग लिया ।
(iii) डॉ राकेश कुमार, सह आचार्य ( वनस्पति विभाग ) ने "वर्ल्ड जर्नल ऑफ एनवायरमेंटल वायोसाइंसेज" "वर्ल्ड जर्नल ऑफ एनवायरमेंटल वायोसाइंसेज टोसिक एल्गी एंड इफेक्ट आफ अलगल एनिमल्स एंड हयूमन बीइंग " नामक एक शोधपत्र प्रकाशित किया । (IOCI) : 9-12 https : 11 doi . org / 10.51847 / 8iu aylaNgi

5. (i) **सहायक आचार्य डॉ अक्षय कुमार** ने 8 जून से 14 जून 2020 तक टीएलसी रामानुजन कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 'ओपन सोर्स टूल्स फॉर रिसर्च' विषय पर आयोजित एक सप्ताह के संवर्धन कार्यक्रम में भाग लिया ।
(ii) दिनांक 07 जुलाई 2020 से 13 जुलाई 2020 तक श्री गुरू तेग बहादुर खालसा कॉलेज द्वारा ऑनलाइन टीचिंग लर्निंग प्रेक्टिस : चैलेंजस एक सॉल्यूशन्स विषय पर आयोजित एक सप्ताह संकाय संवर्धन कार्यक्रम में भाग लिया ।
(iii) दिनांक 15 जून 2020 से 19 जून 2020 तक भौतिक विज्ञान विभाग एमआईटी आंध्र प्रदेश द्वारा आयोजित ' एडवांस्ड मैटिरियल्स एंड कैरेक्टराइजेशन विषय पर आयोजित संकाय संवर्धन कार्यक्रम में भाग लिया ।

(v) दिनांक 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2020 तक रिसर्च मैथोडालॉजी विषय पर टीएलसी रामानुजन कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित साप्ताहिक संकाय संवर्धन कार्यक्रम में भाग लिया।

6. **सहायक आचार्य विकास भसीन कम्प्यूटर साइंस** ने 1 फरवरी 2021 से 13 फरवरी तक एचआरडीसी हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा आयोजित आईसीटीसी विषय पर आयोजित रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया।

7. सहायक आचार्य (भूगोल) राजीव कुमार ने दिनांक 18-01-2021 से 16-02-2021 तक हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा आयोजित संकाय संवर्धन कार्यक्रम (गुरूदक्षता) में भाग लिया तथा 'अ' श्रेणी में उत्तीर्ण किया।

8. (i) **श्री सुधीर सहायक आचार्य (जर्नलिज्म व मास कम्युनिकेशन)** ने 28-10-2020 से 10-11-2020 तक जीसीटीई धर्मशाला से दो सप्ताह टीचिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम में भाग लिया व सफलतापूर्वक पूरा किया।

(ii) **श्री सुधीर सहायक आचार्य (जर्नलिज्म व मास कम्युनिकेशन)** ने 18-11-2020 से 17-12-2020 तक एचआरडीसी शिमला द्वारा आयोजित एक माह का फेकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम पूरा किया।

(iii) कम्युनिकेशन टुडे ग्रुप राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर द्वारा आयोजित वेबिनार श्रृंखला (26-11-2020 से 10-03-2021) जिसका इंपोर्टेंस आफ मीडिया डेवल्पमेंट था, में भाग लिया।

(iv) 16 नवंबर 2020 को नेशनल प्रेस डे पर केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा द्वारा आयोजित osfcukj में भाग लिया।

(v) 08-10-2020 को राजकीय महाविद्यालय जवाली द्वारा आयोजित नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 विषय पर osfcukj में भाग लिया।

9. **शिखा राणा, सहायक आचार्य, भौतिक विज्ञान**

(i) सत्र 2020-2021 में प्रो. शिखा राणा ने एप्लाइड बायोकेमिस्ट्री एंड बायोटेक्नोलॉजी यूटिलिटी आफ साइलेंस मोडिफाइड मैग्नीशियम एंड बेस्ड मैग्नेटिक नैनोपार्टिकल्स फार एफिसिएंट इम्मोबिलाइजेशन आफ बेसिल्स थर्मोअमाइलोबोरास लाइपेज नामक शोधपत्र प्रकाशित किया।

(ii) सत्र 2020-2021 में प्रो. शिखा राणा ने जर्नल आफ मटेरियल साइंस मटेरियल इन इलेक्ट्रानिक्स नामक अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका में इन्फलुएंस आफ टलो सबस्टीयूशन आन स्ट्रक्चर एंड मैग्नेट प्रॉपर्टी ऑफ मग मन फेराइट नामक शोधपत्र प्रकाशित किया।

(iii) दिनांक 10 जुलाई - 30 जुलाई तक वर्चुअर समर स्कूल ऑन नैनोसाइंस एंड नैनोमैटेरियल में भाग लिया, जो नेशनल सेंटर फार नैनोसाइंस एंड नैनोटेक्नोजॉजी यूनविर्सिटी आफ मद्रास द्वारा आयोजित किया गया था।

10. सहायक आचार्य रेखा (जीव विज्ञान विभाग) ने 25 जुलाई से 10 अगस्त 2020 तक मैनेजिंग आनलाइन क्लासिज एंड क्रिएटिंग मोक्स विषय पर आयोजित संकाय संवर्धन कार्यक्रम में भाग लिया।

11. (i) नेहा मिश्रा सहायक आचार्या हिन्दी केंद्रीय हिन्दी निदेशालय के जर्नल 'भाषा' अंक जनवरी-फरवरी 2021 में 'भक्ति साहित्य आधारित सर्जनात्मक लेखन : कबीर केंद्रित पक्ष' विषय शोधपत्र प्रकाशित हुआ।

(ii) सहृदय शोध पत्रिका जनवरी-मार्च 2021 अंक 47 में अरूण कमल की रचना प्रक्रिया विशेष संदर्भ नए इलाके में प्रकाशित हुआ

(iii) स्पेशल सेंटर फॉर ई लर्निंग जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 11 से 12 जून 2020 को डिजाइन डेवल्पमेंट आफ आनलाइन कोर्सेज पर आयोजित ई वर्कशाप में भाग लिया।

(iv) दिनांक 13 जुलाई से 19 जुलाई 2020 तक रामानुजन कॉलेज व श्यामाप्रसाद मुखर्जी कॉलेज फॉर वूमेन दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा इमर्जिंग ट्रेंडस आफ पेडागोजी इन लैंग्वेज लिटरेचर एंड सोशल साइंसिज विषय पर आयोजित संकाय संवर्धन कार्यक्रम ( FDP ) में भाग लिया।

**10. राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC)**

महाविद्यालय की एनसीसी इकाई सहायक आचार्य निशांत नारंग के निर्देशन में कार्य कर रही है। इस इकाई में कुल 82 कैडेट्स हैं। सत्र 2020-21 में 56 कैडेट्स एनसीसी प्रथम वर्ष में पंजीकृत हुए। जिसमें 38 सीनियर डिवीजन और 18 सीनियर विंग कैडेट्स शामिल हैं।

**कैंप:** 21 - 09 से 26 – 09 - 20 तक आयोजित EBSB ( NIC ) वेबिनार में SUO अंकिता गुलेरिया और कैडेट अनुज शर्मा ने भाग लिया। जिसका आयोजन पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश निदेशालय द्वारा किया गया।

दिनांक 25 - 01 से 30 - 01 - 2021 तक में आयोजित 4 (TN) BN NCC, कोयंबटूर ग्रुप में आयोजित EBSB फेज व कैंप – 2021 में CPL शिवानी ने भाग लिया। जिसका आयोजन तमिलनाडु, पुडुचेरी और अंडमान निकोबार निदेशालय द्वारा किया गया।

दिनांक 2-11-20 से 12-11-20 तक चले SSB ऑनलाइन कोचिंग कैप्सूल में SUO विकास चम्बियाल का चयन हुआ।

दिनांक 21- 12- 2020 से 18-01-2021 तक IMA ( इंडियन मिलिट्री अकादमी ) देहरादून अटैचमेंट कैंप में SUO विकास चम्बियाल ने भाग लिया।

दिनांक 21-01-2021 से 25-01-2021 तक आयोजित ATC ( एनुअल ट्रेनिंग कैंप ) में 26 कैडेट्स ने भाग लिया।

**गतिविधियां:**

- 21 जून 2020 को इंटरनेशनल योगा डे - 2020 की थीम "योगा फ्रॉम होम " के तहत एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। जुलाई माह में कैडेट्स ने 50 से अधिक पौधे लगाए।
- 26 – 07 – 2020 को कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर कैडेट्स को ऑनलाइन डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई और कैडेट्स ने पोस्टर मेकिंग में भाग लिया।
- 01 से 15 अगस्त 2020 तक चले आत्मनिर्भर भारत जागरूकता अभियान के तहत कैडेट्स ने "वि वोकल, अवाउट वोकल" की ऑनलाइन प्रतिज्ञा ली तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया।
- 15 अगस्त 2020 को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर ऑनलाइन "फ्रीडम क्विज" का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 306 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।
- 15 अगस्त से 14 सितंबर 2020 तक चले "फिट इंडिया ऑनलाइन अवेयरनेस कैंपियन" कैंपियन के तहत कैडेट्स ने बढ चढकर भाग लिया। इस मुहिम के तहत कैडेट्स ने अपने परिवार और आसपास के लोगों को फिट रहने के लिए जागरूक व प्रेरित किया। इस कैंपियन के अंतर्गत कैडेट्स योगा, नृत्य, सफाई, वॉक, जॉगिंग, साइकलिंग आदि गतिविधियों में भाग लिया।
- फिट इंडिया यूथ क्लब" के अंतर्गत 22 अगस्त से 2 अक्टूबर 2020 तक चले फिट इंडिया फ्रीडम रन में कैडेट्स ने भाग लिया।
- 07-11-2020 को कैडेट्स ने पोस्टर मेकिंग के द्वारा लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक किया।
- 17-11- 2020 से 13-12-2020 तक चले "कंस्टीट्यूशन क्लब एक्टिविटीज" के तहत कैडेट्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के द्वारा रक्तदान के प्रति जागरूकता, पौधारोपण, सफाई अभियान आदि गतिविधियों में भाग लिया।
- 22-11-2020 को एनसीसी डे के उपलक्ष्य में रक्तदान, जीवनदान थीम पर पोस्टर मेकिंग में भाग लिया तथा ऑनलाइन माध्यम से लोगों को जागरूक किया।
- 26 जनवरी 2021 को गणतंत्र दिवस पर लेफ्टिनेंट कर्नल एसएम अंसारी, ऑफिसर कमांडिंग, 2 HP (I) COY NCC डलहौजी द्वारा ध्वजारोहण किया गया।
- 16-02-2021 को कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया।

**NCC Result Session 2019-20:**

सत्र 2019 - 20 के BEE सर्टिफिकेट के लिए कुल 22 कैडेट्स ने परीक्षा दी और सफल रहे।
सत्र 2019- 20 के लिए कुल 14 कैडेट्स ने परीक्षा दी और सफल रहे।

**बेस्ट कैडेटस:**

SUO विकास चंबियाल 1807MA070
SUO अंकिता गुलेरिया 1807CM041

**11. राष्ट्रीय सेवा योजना ( NSS )**

दिनांक 13 अप्रैल 2020 से 12 मई तक कोविड -19 जागरूकता के लिए देहरी महाविद्यालय के स्वयंसेवियों कोविड -19 टास्क एक वॉटसएप ग्रुप बनाया। जिसमें स्वयंसेवियों ने अपने कार्य को उसमें ऑडियो, वीडियो, फोटो के माध्यम से साझा किए।

**14 अप्रैल से 12 मई 2020 तक के कार्य:-**

- स्लोगन, नृत्य, चित्र, हाथ साफ करने की विधि पर आधारित वीडियो बनाकर स्वयंसेवियों ने स्थानीय निवासियों को अपने द्वारा बनाए हुए मास्क बांटे। कुल मास्क - 650
- स्वयंसेवियों द्वारा आरोग्य सेतु एप को इंस्टॉल किया गया और अन्य लोगों से भी करवाया गया। कुल 700 आरोग्य सेतु एप इंस्टॉल्ड हुए साथ ही साथ एप पर रजिस्ट्रेशन करवाई गई।
- प्रधानमंत्री राहत कोष में स्वयंसेवियों ने ऑनलाइन पेमेंट द्वारा 1050 रूपये की धनराशि जमा की।
- स्वयंसेवियों ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 1000 रूपये जमा किए।
- दिनांक 7 जून 2020 को स्वयंसेवियो ने अपने आसपास के इलाके में पौधे लगाए।
- दिनांक 9 जून 2020 को स्वयंसेवियों ने विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार और स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के बारे में जागरूक किया।
- दिनांक 21 जून 2020 को स्वयंसेवियों ने राष्ट्रीय योगा दिवस पर घर में ही योगा किया और विभिन्न ऑनलाइन माध्यमों से लोगों को फिट रहने का संदेश दिया।
- दिनांक 26 जून 2020 को स्वयंसेवियों ने नशे की रोकथाम पर पोस्टर बनाकर जागरूक किया।
- दिनांक 15 अगस्त 2020 को स्वतंत्रता दिवस पर स्वयंसेवियों ने नृत्य, संगीत, स्लोगन द्वारा घर पर ही स्वतंत्रता दिवस से मनाया।

- 29 अगस्त 2020 को फिट इंडिया अवेयरनेस कैंपेन ऑडियो, वीडियो के माध्यम से स्वयंसेवियों ने फिजिकल एक्टिविटी (Activity) करते हुए स्थानीय लोगों को जागरूक किया।
- दिनांक 24 सितंबर 2020 को राजकीय महाविद्यालय देहरी की एनएसएस इकाई द्वारा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना दिवस के अवसर पर वॉलंटियरिज्म फॉर यूथ विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता धर्मशाला महाविद्यालय के सह आचार्य श्री सचिन कुमार उपस्थित रहे। इन्होंने वॉलंटियरिज्म के प्रकारों से प्रतिभागियों को अवगत करवाया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अश्वनी अवस्थी, श्री शंकराचार्य संस्कृत विवि के डॉ इब्राहिम कुट्टी के साथ विभिन्न प्राध्यापक मौजूद रहे।
- दिनांक 2 अक्टूबर 2020 को गांधी जयंती पर 2 किलोमीटर का 'प्लॉग रन' व ई- सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्लॉग रन के अंतर्गत स्वयंसेवियों ने दौड लगाते अपने स्थानीय परिसर में साफ सफाई की।
- दिनांक 31 अक्टूबर 2020 को वजीर राम सिंह महाविद्यालय देहरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल के 145 वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने कविता पाठ, नृत्य, भाषण , रंगोली और गीत की बेहतरीन प्रस्तुति ऑडियो, वीडियो रिकॉर्डिंग द्वारा दी।
- 26 दिसंबर 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संविधान दिवस का आयोजन गूगल मीट पर किया गया। कार्यक्रम के प्रोग्राम कोर्डिनेटर अनिल कुमार और नेहा मिश्रा तथा समस्त स्वयंसेवियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। स्वयंसेवियों द्वारा पोस्टर के माध्यम से भारतीय संविधान की

विशेषताओं को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में स्वयंसेवियों के साथ हिन्दी विभाग के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

- दिनांक 1 दिसंबर 2020 को महाविद्यालय देहरी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व एड्स दिवस मनाया गया। स्वयंसेवियों ने पोस्टर के माध्यम से लोगों को एड्स से बचे रहने की सलाह दी।
- दिनांक 26 फरवरी 2021 को स्वयंसेवियों ने गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। स्वयंसेवियों ने कविता पाठ, नृत्य और गीत की बेहतरीन प्रस्तुति ऑडियो, वीडियो रिकॉर्डिंग द्वारा दी।
- दिनांक 1 फरवरी 2021 को स्वयंसेवियों ने 'रोड सेफ्टी मंथ' मनाया। जिसमें स्वयंसेवियों द्वारा अपने गांव में जाकर स्थानीय लोगों को बाइक चलाते समय हेलमेट पहनने और मास्क लगाने के प्रति जागरूक किया।
- 17 फरवरी 2021 को महाविद्यालय देहरी के स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर के सभी विद्यार्थियों को कोविड-19 की जागरूकता के बारे में बताया और हर समय मास्क पहन रखने की सलाह दी।
- दिनांक 8 मार्च 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा अन्तरराष्ट्रीय 'महिला दिवस' का आयोजन ऑनलाइन किया गया। विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ सायमा बानो (सहायक प्रोफेसर हिन्दी अलीगढ) ने यौन उत्पीडन पर अपने महत्वपूर्ण विचारों व तथ्यों को साझा किया।
- दिनांक 16 मार्च 2021 को वजीर राम सिंह महाविद्यालय देहरी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर का शुभारम्भ एनएसएस प्रभारी अनिल कुमार और नेहा मिश्रा तथा स्वयंसेवियों की मौजूदगी में हुआ। स्वयंसेवियों ने हर दिन का शुभारम्भ परेड और योगा द्वारा किया। स्वयंसेवियों द्वारा ढसोली रोड तक रैली निकालते हुए लोगों को पेड लगाने के लिए जागरूक किया। हर दिन एक रिसोर्स पर्सन के रूप में प्राचार्य अश्विनी अवस्थी, सह आचार्य राकेश , सह आचार्य सिद्धार्थ सह आचार्य विनीत, श्री राजीव कुमार, सह आचार्य मनजीत उपस्थित रहे। इन्होंने हमें पर्यावरण संरक्षण के बारे और अपने विचारों को व्यक्त किया। स्वयंसेवियों ने समूह में बंटकर पूरे महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की। सात दिवसीय शिविर के अंतिम दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य अश्विनी अवस्थी, सह आचार्य सिद्धार्थ सह आचार्य व एनएसएस प्रभारी अनिल कुमार और नेहा मिश्रा मौजूद रहे। सात दिवसीय शिविर का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा किया गया।

**2020- 21 के सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी**

**यूनिट - 2**

1. निखिल डोगरा - बीएससी तृतीय वर्ष 1807MA012
2. रागिनी दत्त - बीएस तृतीय वर्ष 1801EN010
3. अर्शदीप सिंह बैंस - बीए द्वितीय वर्ष 1901EL004

**यूनिट -1**

1. रोहित कुमार बीए तृतीय वर्ष
2. अनिशा बीए द्वितीय वर्ष

**12. रोवर एंड रेंजर यूनिट**

महाविद्यालय की रोवर इकाई सहायक आचार्य सुधीर नेगी तथा रेंजर इकाई सहायक आचार्य शिखा राणा के नेतृत्व में कार्यरत है। सत्र 2020-21 में महाविद्यालय के रोवर एंड रेंजर यूनिट में 24 रोवर तथा 24 रेंजर पंजीकृत हुए है। सत्र 2020-21 में रोवर तथा रेंजर इकाईयों ने निम्न गतिविधियों में सक्रियता दिखाई :-

- इकाई के रोवर अर्जुन ने भारत स्काउट एंड गाइड्स हेडक्वार्टर नई दिल्ली द्वारा 2 जून से 31 जुलाई 2020 तक चलाए गए ऑनलाइन कार्यक्रम उडान विंग्स आफ होप में भाग लिया।
- रोवर अर्जुन सिंह ने ऑनलाइन अन्तरराष्ट्रीय एयर जम्बूरी कैंप में भाग लिया।
- रोवर अनीश, अर्जुन, अर्शदीप सौरव, अभिषेक धीमान, रेंजर मनु बाला, श्वेता सिंह ने भारत स्काउट एंड गाइडस की तरफ से आयोजित इनिषिएटिप स्काउट फाइट अगेंस्ट कोरोना भाग लिया।

- रोवर अर्जुन सिंह ने ऑनलाइन वेबिनार में 5-8 तथा 17 से 20 अगस्त 2020 तक भाग लिया, जोकि बेटर वर्ल्ड फेमवर्क पर आधारित था।

- दिनांक 23 से 29 मई 2020 तक रोवर अनीश, अभिषेक और अर्जुन ने स्टेट वर्चुअल वैग्स इनषिएटिव प्रोग्राम में भाग लिया।

- रोवर अर्जुन सिंह ने प्रथम पी एल चटर्जी वलोदा ऑनलाइन जागरूकता कैंप 24 - 28 जून तक भाग लिया, जो कॉक्स बरार डिस्ट्रिक्ट सी स्काउटस द्वारा आयोजित किया गया।

- महाविद्यालय के बच्चों को स्काउटिंग के महत्व तथा टीचिंग वाय महात्मा गांधी को समझाने के लिए रोवर व रेंजर इकाई द्वारा 2 अक्टूबर 2020 को ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया, जिसमें ASOC, BSGHP श्री ज्योति चरण जी ने बतौर मुख्य वक्ता भाग लिया।

- रेंजर गंगा पठानिया, निशा कुमार ने राज्य स्तरीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया, जोकि लेक कांगडा द्वारा 7 नवंबर 2020 को आयोजित करवाई गई थी। इसमें रेंजर गंगा पठानिया ने द्वितीय स्थान तथा 1500 का नकद पुरस्कार हासिल किया।

सर्वश्रेष्ठ **रोवर** : **अर्जुन सिंह**

सर्वश्रेष्ठ **रेंजर** : **मनु बाला**

**13. रेड रिबन क्लब**

रेड रिबन क्लब की वर्तमान समन्वयक रेखा सहायक आचार्य जीव विज्ञान एवं सदस्य नेहा मिश्रा सहायक आचार्य हिन्दी हैं। इस साल वॉलंटियर्ज की संख्या 50 रहीं। इस साल क्लब की **गतिविधियां** निम्नलिखित रहीं।

- 13 अगस्त 2020 को अन्तरराष्ट्रीय युवा दिवस पर मास्क मेकिंग कंपीटि**शन** करवाया गया। जिसका थीम यूथ इंगेजमेंट फॉर ग्लोबल एक्शन था। इस प्रतियोगिता में

**प्रथम** - मनु मेहता, बीएएससी तृतीय वर्ष

**द्वितीय** - अंकिता धीमान, बीएससी द्वितीय वर्ष

**तृतीय** - **श्वेता** भारद्वाज तथा किजल ठाकुर बीएससी द्वितीय वर्ष रहीं।

इसी संदर्भ में GIF जोकि HIV थीम पर था :-

**प्रथम** - बीना बेगम बीएससी द्वितीय वर्ष

**द्वितीय** - रितिका शर्मा, बीएससी द्वितीय वर्ष

**तृतीय** - रूचि, बीएससी द्वितीय वर्ष

- 8 अक्टूबर 2020 को जिला स्तरीय **प्रश्नोत्री** प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसमें **विजेता** टीम में मनु मेहता बीएससी तृतीय वर्ष व साहिल सिंह राणा बीएससी द्वितीय वर्ष रहे।

- रेड रिबन क्लब देहरी ने नेशनल वर्चुअल डे जोकि विश्व एड्स दिवस 1 दिसंबर 2020 को था, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ हर्षवर्धन थे, भाग लिया।

- रेड रिबन क्लब द्वारा विश्व एड्स दिवस पर एक लेक्चर का आयोजन किया। जिसके मुख्य वक्ता श्री चंद्र मेहता थे, जोकि हिप्र राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी नूरपुर के काउंसलर हैं। उन्होंने स्वयंसेवियों को एड्स के प्रति जागरूक किया।

- 7 नवंबर को पोस्टर मेकिंग कंपीटि**शन** किया गया। जिसका थीम – Covid-19 था, जिसमें :-

**प्रथम** - गंगा पठानिया, बीएएससी तृतीय वर्ष

**द्वितीय** – निशा कुमारी, बीएएससी तृतीय वर्ष

**तृतीय** - साहिल सिंह राणा, बीएससी द्वितीय वर्ष

इसकी एक प्रति सीएमओ धर्मशाला भेजी गई तथा गंगा पठानिया को 1500 रूपये की धनराशि पुरस्कार के रूप में दी गई।

- 25 मार्च 2021 को रेड रिबन क्लब ने टीबी मुक्त अभियान के तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई:- इसमें **प्रथम** - प्रियांषु

**द्वितीय** - कविता

**तृतीय** - वीना बेगम

विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसी संदर्भ में विद्यार्थियों ने टीबी के प्रति महाविद्यालय परिसर में जागरूकता फैलाई।

**14. CSCA**

कोरोना महामारी के चलते महाविद्यालय में कार्यकारिणी का गठन नहीं हो पाया।

**15. एक भारत श्रेठ भारत ( 35 सदस्य )**

1. 7 जून 2020 - विश्व पर्यावरण दिवस पर ईबीएसबी सदस्यों द्वारा पोस्टर बनाया गया।
2. 25 जुलाई 2020 - गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें पेयर्ड कॉलेज मारइवॅनियस तिरूवनंतपुरम के विद्यार्थियों से राजकीय महाविद्यालय देहरी के विद्यार्थी मिले।
3. 15 अगस्त 2020 - गूगल के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस समारोह और कॉलेज केरल के छात्रों के साथ मिले।
4. 29 अगस्त 2020 - एमआईसी के छात्रों के साथ 'ओणम' समारोह, संसाधन व्यक्ति डॉ शर्लीस्टॉर्ट्स एसोसिएटस प्रोफेसर अंग्रेजी, एमआईसी।
5. 14 सितंबर 2020 - युग्मित राज्य केरल और हिमाचल प्रदेश के छात्रों के लिए हिन्दी दिवस पर आयोजित ई - हिन्दी भाषा प्रश्नोत्तरी। (340 छात्रों ने भाग लिया)
6. 19 सितंबर 2020 - फारूक कॉलेज, कालीकट, संसाधन व्यक्ति डॉ निशाके, सहायक प्रोफेसर मनोविज्ञान, फारूक कॉलेज।
7. 24 अक्टूबर 2020 - वेबिनार 'विदा दशमी' – 'कुल्लू दशहरा' का आयोजन दशहरा मनाने के लिए किया, संसाधन व्यक्ति - डॉ देवकन्या ठाकुर।
8. 31 अक्टूबर 2020 - राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह सरदार वल्लभ भाई पटेल 145 वीं जयंती, GOOGLE MEET के माध्यम से, EBSB क्लब MIC और फारूक कॉलेज केरल के छात्रों के साथ।
9. 1 नवंबर 2020 - केरल राज्य दिवस मनाने के लिए ईबीएसबी क्लब के छात्रों द्वारा पोस्टर बनाना।

**16. वार्षिक पत्रिका हिमिका**

महाविद्यालय में विद्यार्थियों की मौलिकता एवं सृजनात्मकता को रूपाकार देने में महाविद्यालयी पत्रिका हिमिका का महत्वपूर्ण योगदान है। वर्तमान में इस पत्रिका के प्रधान संपादक ....................... हैं। अपनी संरचना में यह पत्रिका विभिन्न प्रभागों हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान, खेल एवं स्वास्थ्य सुरक्षा, संस्कृत, प्लानिंग फोरम, पहाड़ी में विभाजित है। इन प्रभागों से संबंधित श्रेष्ठ व मौलिक विषय सामग्री के संपादन हेतु शिक्षक संपादक व विद्यार्थी संपादक नियुक्त किए गए हैं, जिसका विवरण इस प्रकार से है:-

| (विभाग) | ( शिक्षक संपादक) | ( छात्रा / छात्र संपादक) |
|---|---|---|
| 1. हिन्दी | नेहा मिश्रा (सहायक आचार्य हिन्दी) | रूपाली, बीए तृतीय वर्ष |
| 2. अंग्रेजी | भावना कुमारी (सहायक आचार्य अंग्रेजी) | अभिषेक शर्मा, बीए तृतीय वर्ष |
| 3. शारिरिक शिक्षा | डॉ अश्विनी अवस्थी (सह आचार्य शा. शि.) | अलका देवी, बीए तृतीय वर्ष |
| 4. विज्ञान | डॉ राकेश कुमार (सह आचार्य वनस्पति विज्ञान) | प्रियंका ठाकुर, बीएससी तृतीय वर्ष |
| 5. प्लानिंग फोरम | रजनी देवी (सहायक आचार्य वाणिज्य) | अभिषेक भारती, वाणिज्य द्वितीय वर्ष |
| 6. संस्कृत | अनिल कुमार ( सहायक आचार्य संस्कृत) | रागिनी,बीए तृतीय वर्ष |
| 7. फोटोग्राफी | राजीव कुमार (सहायक आचार्य भूगोल) | - |
| 8. पहाड़ी | शिखा राणा ( सहायक आचार्य) | गंगा पठानिया, बीएससी तृतीय वर्ष |

17. अभिभावक शिक्षक संघ (पीटीए)

वजीर राम सिंह महाविद्यालय देहरी सत्र 2020 – 21 कार्यकारिणी का गठन किया गया। अभिभावक अध्यापक संघ राजकीय महाविद्यालय देहरी की कार्यकारिणी निम्नलिखित है

**अध्यक्षा** - श्रीमती राज लता
**उप अध्यक्षा** - श्रीमती सीमा देवी
**सचिव** - असिस्टेंट प्रो. राजीव कुमार
**सह सचिव** - असिस्टेंट प्रो. अनिल कुमार
**सदस्य** - श्री राजेन्द्र शर्मा
- असिस्टेंट प्रो. सिद्धार्थ शर्मा
- असिस्टेंट प्रो. गुलशन राय
- असिस्टेंट प्रो. अमृत लाल शर्मा
- असिस्टेंट प्रो. रेखा

इस संघ के माध्यम से अध्यापक तथा 14 अन्य कर्मचारी महाविद्यालय में कार्यरत है। वर्तमान में अभिभावक अध्यापक फंड में उपलब्ध हैं।

**18. कार्यालय एवं वाचनालय:**
पुस्तकालय एवं वाचनालय किसी भी शिक्षण संस्थान का मूल स्तंभ है। पुस्तकालयाध्यक्ष सहायक शिश्ना कुमारी पुस्तकालय से संबंधित विभिन्न कार्यों की देखरेख करती हैं। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए पुस्ताकालय में 10547 पुस्तके हैं।

**19. महिला एवं शिकायत निवारण :**
समिति सरकारी आदेशानुसार महाविद्यालय में महिला शिकायत निवारण समिति कार्यरत है, जिसकी समन्वयक डॉ कामाक्षी लुम्बा है। यह समिति समय - समय पर महाविद्यालय में छात्राओं की सुरक्षा संबंधी विषयों पर विचार विमर्श करती रहती है।

**20. प्राथमिक चिकित्सा:** महाविद्यालय में प्राथमिक चिकित्सा समिति की समन्वयक सहायक आचार्य रेखा एवं सदस्य सहायक आचार्य नेहा मिश्रा व निशांत नारंग हैं।

**21. व्यवसाय निर्देशन एवं परामर्श प्रकोष्ठ :**

प्रकोष्ठ के माध्यम से समय - समय पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को भविष्य के प्रति मार्गदर्शन, नोकरी, संबंधी अवसर और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित मार्गदर्शन विशेषज्ञों द्वारा किया गया।

1. दिनांक 30 सितंबर 2020 को प्रकोष्ठ के माध्यम से 66 प्रशासनिक सेवाएं आजीविका भविष्य के रूप में" शीर्षक के अंतर्गत एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन गूगल मीट और फेसबुक के माध्यम से किया गया। जिससे स्थानीय महाविद्यालय के साथ अन्य महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को भी इस कार्यक्रम का लाभ मिल सका।
इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो. ममता मोक्टा, आचार्य नागरिक शास्त्र हिमाचल प्रदेश शिमला रहीं।

2. दिनांक 5 दिसंबर 2020 को प्रकोष्ठ के माध्यम से "विज्ञान से भविष्य की संभावनाएं" शीर्षक के अंतर्गत एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन भी गूगल मीट और फेसबुक के माध्यम से किया गया। जिससे वजीर राम सिंह महाविद्यालय देहरी के साथ अन्य

महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को भी इस कार्यक्रम का लाभ मिला। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ मोहिनी गुलेरिया, वैज्ञानिक भावा परमाणु अनुसंधान केंद्र मुंबई रहीं।

**22. रैगिंग निरोधी समिति :** भारतीय सर्वोच्च न्यायालय तथा हिमाचल प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार महाविद्यालय में सत्र 2020-21 हेतु रैगिंग विरोधी समिति का गठन किया गया, जिसके समन्वयक सह आचार्य डॉ सिद्धार्थ हैं। समिति द्वारा रैगिंग विरोधी निर्देशों की सख्ती से अनुपालना सुनिश्चित करवाई गई तथा सत्र के दौरान कोई भी रैगिंग संबंधी मामला समिति के संज्ञान में नहीं आया है और ना ही विद्यार्थियों द्वारा रैगिंग संबंधी शिकायत दर्ज की गई।

**23. जेंडर चैम्पियन क्लब :** देहरी कालेज में जेंडर चैम्पियन क्लब समन्वयक डॉ कामाक्षी लुम्बा हैं व सदस्य प्रो. सुधीर नेगी हैं।

**अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ :** महाविद्यालय में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए विशिष्ट प्रकोष्ठ की व्यवस्था की गई है। इसमें विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित तैयारी कराने के साथ-साथ विशिष्ट विषय संबंधी समस्याओं के निवारण हेतु शिक्षण कार्य किया जाता है। प्रकोष्ठ का कार्य सहायक आचार्य इतिहास अनिल कुमार के संरक्षण में सुचारू रूप से चल रहा है। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए प्रकोष्ठ का अपना पुस्तकालय भी उपलब्ध है।

**24. इको क्लब:**

महाविद्यालय में इको क्लब के समन्वयक सहायक आचार्य राजीव कुमार है। समय-समय पर महाविद्यालय में वृक्षारोपण व स्वच्छता अभियान कार्य किए जाते हैं।

**25. परिसर सौंदर्यीकरण समिति:**

राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना व रोवर रेंजर इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में बनी क्यारियों में विभिन्न प्रकार के पुष्प जैसे ट्यूलिप, गेंदा, लिलियम, गुलाब, साइकस, डेलिया, डैथिल, डॉग फ्लावर पिटोनिया, कसमस आदि लगाए गए।

**26. इंग्लिश स्पीकिंग ट्रेनिंग कोर्स :**

यह कोर्स फरवरी 2019 से वजीर राम सिंह महाविद्यालय में शुरू किया गया। हिप्र. सरकार द्वारा कौशल विकास भत्ता कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय को 60 सीटें दी गई, जिसमें शुरूआत में ही 23 विद्यार्थी दाखिला ले चुके थे। इसका प्रथम सत्र 2019 में पूर्ण हुआ। दिसम्बर - जनवरी 2019-20 में इस कोर्स का विज्ञापन पुनः किया गया। यह कोर्स मुख्यमंत्री स्वाबलंबन योजना के अंतर्गत आता है।

**छात्रावास :** वर्तमान में महाविद्यालय छात्रावास में 02 छात्र रह रहे हैं। छात्रावास में सत्र 2019–20 में 08 छात्र थे। उनमें से 03 छात्र भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

**27. आधारिक संरचना : उपलब्धियां :**

**रूसा आधारिक संरचना अनुदान 2.0**

**क)** राजकीय महाविद्यालय देहरी ( नैक द्वारा बी ग्रेड प्राप्त महाविद्यालय तथा नैक स्कोर 2.12) को भारत सरकार द्वारा सांस्कृतिक अनुदान प्राप्त हुआ, जिसके अंतर्गत महाविद्यालय को आधारिक संरचना निर्माण हेतु 1.5 करोड़ रूपये की अनुदान राशि, नवनीकरण, नवनिर्माण, उपकरण हेतु स्वीकृति हुई, जिसमें से विभिन्न उपकरण खरीदे गए व नवीनीकरण कार्य किया गया।

ख ) रूसा के अंतर्गत विभिन्न कार्यान्वयन व निगरानी संबंधी प्रायोजन कार्य हेतु बोर्ड आफ गवर्नर्स एंड प्रोजेक्ट मेंटेनिंग यूनिट भी महाविद्यालय में क्रियाशील है ।

**निर्माणधीन योजनाएं:**

क) खेल मैदान का विस्तारीकरण
ख) संगोष्ठी कक्ष का निर्माण
ग) वनस्पति उद्यान का निर्माण
घ) छात्रावास पुनर्निर्माण कार्य
ड) वाणिज्य विषय में स्नातकोत्तर कक्षाओं का आरम्भ ।

**अपेक्षाएं व योजनाएं**

क) अंग्रेजी, हिन्दी, इतिहास, समाजशास्त्र, संस्कृत में स्नातकोत्तर कक्षाओं को आरंभ करवाने हेतु प्रयास करना ।
ख) सभी विभागों को कम्प्यूटरीकृत करवाना व इंटरनेट से जोड़ने हेतु प्रयास करना।
ग) पुराने भवनों को तोड़कर नए भवन का निर्माण कार्य।
घ) प्रयोगशालाओं का नवीनीकरण।
ड) प्राचार्य, आचार्यों व कर्मचारियों के लिए आवासीय भवनों के निर्माण हेतु प्रयास करना।
च) खेल मैदानों की संख्या बढ़ाने एवं रखरखाव का समुचित प्रयास करना।

**धन्यवाद ज्ञापन :**

मैं सभा में उपस्थित सभी विशिष्ट गणमान्य अतिथियों का जिला प्रशासन, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल एवं सिंचाई आपूर्ति विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग एवं स्थानीय प्रशासन का आभारी हूं, जो यथा समय हमारी सहायता को सदैव तत्पर रहे हैं।

मैं जन संचार के माध्यम मीडिया का भी विशेष आभारी हूं, जिन्होंने हमारी उपलब्धियों एवं समस्याओं को जनता, प्रशासन, शिक्षा विभाग, जनमानस तक पहुंचाया।

मैं पीटीए सदस्यों का भी धन्यवाद करता हूं कि जिन्होंने अपने योगदान से महाविद्यालय को आगे बढ़ने में सहायता प्रदान की है।

अंत में, मैं माननीय मुख्यातिथि महोदय का महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक धन्यवाद करता हूं कि आपने अपनी व्यस्तताओं से समय निकाल कर समारोह में सम्मिलित होकर हमारे विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया ।

**जय हिंद**

प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय देहरी ।